संवाददाता सम्मेलन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल द्वारा दिया गया वक्तव्य

- बाबर रोड का नाम बदलकर '5 अगस्त मार्ग' रखा जाए
- बंगाली मार्किट ट्रेडर्स व रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने दिया समर्थन
- बाबर के नाम पर मस्जिद नहीं तो रोड क्यों – गोयल

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 2020 : पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने मांग की है कि बंगाली मार्किट में बाबर रोड का नाम बदला जाना चाहिए। इसका नाम '5 अगस्त मार्ग' रखा जा सकता है।

बाबर एक विदेशी आक्रांता था, जिसने हिन्दुस्तान पर आक्रमण किया था और राम जन्मभूमि पर राम मन्दिर का विध्वंस करवाया, इसलिए उसका नाम हटाया जाना चाहिए। 16वीं शताब्दी में बाबर के आदेश से मीर बाक़ी ने मस्जिद बनवाई, जहां पर राम जन्मभूमि थी।

गोयल ने गृह मंत्री अमित शाह और एन.डी.एम.सी. चैयरमेन को पत्र लिख कर कहा कि इस बारे में उनक इस सुझाव को बंगाली मार्किट रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी व बंगाली मार्किट ट्रेडर्स एसोसिएशन (रजि.) दोनों ने अपना समर्थन दिया है।

गोयल के स्वयं के कार्यालय की बिल्डिंग भी बाबर रोड पर है और वे इससे पहले भी बाबर रोड का नाम बदलने की मांग कर चुके हैं।

गोयल ने कहा कि बाबर के नाम पर रोड का नाम बदलने में कोई राजनीति नहीं है। जैसे 2015 में औरंगजेब रोड का नाम बदल कर डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया और 2016 में रेसकोर्स रोड का नाम बदल कर लोक कल्याण मार्ग किया गया। वैसे ही बाबर रोड का नाम बदलने में कोई परहेज नहीं होना चाहिए। ये जनता की मांग है।

गोयल ने कहा कि सरकार को वे इस सड़क का नाम बाबर रोड की जगह '5 अगस्त मार्ग' सुझा रहे हैं, सरकार चाहे तो कोई और नाम भी रख सकती है। क्या ही अच्छा है, जब 5 अगस्त को भव्य राम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों हो रहा हो, तब बाबर रोड का नाम '5 अगस्त मार्ग' रख दिया जाए।

गोयल ने कहा कि वे कोई विवाद नहीं चाहते। इसका किसी धर्म से कोई संबंध नहीं है। पूरा देश व सभी धर्म व पक्ष के लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय का फैसला मान राम मन्दिर बनाने का माग प्रशस्त कर दिया है।

गोयल ने कहा कि अब हम अपने लैटरहैड व पत्राचार में 'बाबर रोड' की जगह '5 अगस्त मार्ग' ही लिखेंगे और बाबर रोड का नाम बदला जाए, इसके लिए पूरे क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे।

—— 0 ——